- In 70% of the villages most of the people were happy or satisfied with the medical facilities provided by the government (COVID testing, *Ayush*-kit, mask/sanitizer distribution, vaccination, awareness etc.), while in 16% of the villages people expressed dissatisfaction. The remaining 14% villages had mixed reactions.
- In 70% villages, most of the people praised or expressed satisfaction over the steps taken by the government during the second wave of the pandemic. In 9% of the villages, people in general, criticized the efforts of the government, while in 21% the village residents generally gave a mixed response.

***

# कोविड-19 महामारी के प्रभाव

**(अध्ययन: अप्रैल-जून 2021)**

उत्तराखण्ड सेवा निधि पर्यावरण शिक्षा संस्थान अल्मोड़ा

# विषय-सूची


| क्र. | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | भूमिका | 1 |
| 2 | गाँवों में वायरस से संक्रमित और बीमार हुए लोगों की संख्या | 2 |
| 3 | उपचार घर पर/अस्पताल में | 4 |
| 4 | वायरस के कारण मौतें | 4 |
| 5 | महामारी की दूसरी लहर के दौरान वापस लौटे प्रवासियों का विवरण | 5 |
| 6 | पिछले साल और इस बार के गाँव के हालातों में मुख्य अंतर | 7 |
| 7 | सबसे ख़राब प्रभाव क्या अनुभव किया गया | 7 |
| 8 | गाँवों में किन चीजों पर प्रभाव नहीं/बहुत कम अनुभव किया गया | 8 |
| 9 | लोगों के आपसी रिश्तों पर क्या मुख्य प्रभाव पड़ा? | 9 |
| 10 | गाँवों में सामाजिक धार्मिक आयोजनों पर प्रभाव | 9 |
| 11 | गाँव में रह रहे किन परिवारों की आय पर बहुत ज्यादा असर पड़ा? | 10 |
| 12 | रोजगार और आय में कमी का लोगों की जीवनचर्या पर प्रभाव | 11 |
| 13 | बहुत ज्यादा मुसीबत का सामना कर रहे परिवार और परेशानियाँ | 11 |
| 14 | वापस लौटे प्रवासियों में से कितने गाँव में रहने का इरादा रखते हैं | 13 |
| 15 | गाँव के निवासियों और प्रवासियों के मुख्य सुझाव | 15 |
| 16 | सरकार द्वारा प्रदान की गयी चिकित्सा-सुविधायें/ प्रतिक्रिया | 16 |
| 17 | महामारी से निपटने के सरकार के प्रयासों पर लोगों की प्रतिक्रिया | 17 |

## कोविड-19 महामारी के प्रभाव (अध्ययन: अप्रैल-जून 2021)

यह अध्ययन उत्तराखण्ड के पहाड़ी गावों में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के प्रभावों को समझने के उद्देश्य से किया गया है. अध्ययन उत्तराखण्ड के 5 जनपदों- अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, चम्पावत और पिथौरागढ़ में स्थित 6 ग्राम-समूहों के कुल 44 गाँवों/तोकों में लोगों की आम राय के आधार पर किया गया है.

अध्ययन के लिये तैयार की गयी एक प्रश्नावली को हमारी सहयोगी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं और ग्राम शिक्षण केन्द्र की संचालिकाओं द्वारा अप्रैल से जून 2021 के दौरान सम्बन्धित गांवों के कुल 1,101 लोगों (579 महिलायें और 522 पुरुष) के साथ बातचीत तथा गाँव की दशा को देख-सुनकर भरा गया है.

पिछले साल (2020) कोविड-19 महामारी की शुरुआत और इसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर लगाये गये लॉकडाउन के असर को जानने के लिये भी एक ऐसा ही प्रयास किया था. इस अध्ययन में यह जानने की भी कोशिश की है कि इन गाँवों में महामारी की दूसरी लहर का प्रभाव पहली लहर जैसा ही था या उससे भिन्न.

| कार्यक्षेत्र/ वि.ख./जनपद | गांवों/तोकों की संख्या और नाम |
|---|---|
| मैचून (वि.ख. धौलादेवी, अल्मोड़ा) | मनिआगर, मौनी, बान्ठोक, कसून, पल्यूं (5) |
| शामा (वि.ख. कपकोट, बागेश्वर तथा मुनस्यारी पिथौरागढ़) | गोगिना, मल्खा दुगर्चा, नामिक (3) |
| गणाई गंगोली (वि.ख. गंगोलीहाट, पिथौरागढ़) | भालूगाड़ा, फडियाली, भन्याणी, ग्वाड़ी, किमतोला (5) |
| पाटी (वि.ख. पाटी, चम्पावत) | तोली, जनकांडे, कमलेख, सरमोली, गरसाड़ी, जेरोली, गूम, लखनपुर, बिसारी, भट्यूणा (10) |
| बधाणी (वि.ख. कर्णप्रयाग व गैरसैण चमोली) | पुडियाणी, भटग्वाली, मालई, चौण्डली, जाख, सुन्दरगाँव, बैनोली, छातोली, कुकड़ई और बधाणी (10) |
| गोपेश्वर (वि.ख. दशौली, चमोली) | सिरोली, देवलधार, मण्डल, खल्ला, ग्वाड़, कोटेश्वर, बछेर, कठूड़, बमियाला, बणद्वारा, कांडई (11) |
| | गांवों की संख्या= 44 |

1. **गाँवों में वायरस से संक्रमित और बीमार हुए लोगों की संख्या:** प्राप्त आंकड़ों से पता लगता है कि 44 गांवों में औसतन 1.28 प्रतिशत आबादी वायरस से संक्रमित हुई. अलग-अलग क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या में भी काफी अंतर दिखता है. शामा क्षेत्र के तीन गांवों में किसी भी ब्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई, जबकि गणाई गंगोली में सबसे अधिक 3.48 प्रतिशत आबादी में संक्रमण की पुष्टि हुई. मैचून में 0.56, कर्णप्रयाग/गैरसैण में 0.76, पाटी में 1.79 और गोपेश्वर में 2.07 प्रतिशत आबादी में संक्रमण की पुष्टि हुई.

इन गांवों में अप्रैल-जून 2021 की अवधि में कोविड19 से संक्रमित हुए व्यक्तियों की कुल संख्या 276 है जो पिछले साल की अपेक्षा (24,135 आबादी में कुल 21 व्यक्ति 0.08 प्रतिशत) बहुत ज्यादा रही है. पिछले साल 60 गाँवों में से केवल 11 गाँवों में ही कोविड संक्रमण के मामले आये थे लेकिन इस बार दो-तिहाई (66%) गाँवों में कोविड19 संक्रमण के प्रमाणित मामले थे. वास्तविक संख्या इससे अधिक रहने का अनुमान है, क्योंकि जिन गाँवों में कोविड जांच नहीं हुई वहाँ भी काफी लोगों में खाँसी, बुखार, गले में संक्रमण इत्यादि लक्षण पाये गये. साथ ही जिन गाँवों में वायरस संक्रमण के पुष्ट मामले दर्ज किये वहाँ पर भी वास्तविक संख्या ज्यादा होने की आशंका है. इसका एक कारण दूरदराज के गांवों में टेस्टिंग की सुविधा का न होना था. उदाहरण के लिये मैचून क्षेत्र के बान्ठोक और कसून गांवों में टेस्टिंग नहीं हुई. बागेश्वर जिले के गोगिना व मलखा दुगर्चा और पिथौरागढ़ जिले की नामिक ग्राम-पंचायत में किसी भी व्यक्ति में संक्रमण की सूचना नहीं है, जबकि लोगों में खाँसी, बुखार, सिर-दर्द आदि लक्षण आम तौर पर देखे गये. गणाई गंगोली क्षेत्र के 5 गाँवों में 37 व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई जबकि 115 व्यक्तियों में रोग के लक्षण पाये गये. इसी क्षेत्र के किमतोला गांव में केवल 1 व्यक्ति की कोविड जांच हुई और पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी. लेकिन इस गाँव में 14 अन्य लोगों में रोग के लक्षण दिखे जिनकी जांच नहीं हो सकी, परन्तु 3 मरीज़ों की मृत्यु हो गयी.

संक्रमण के लक्षण वाले अनेक लोगों ने जांच इसलिये भी नहीं करायी कि कहीं जांच में कोरोना न निकल जाय. उन्हें डर था कि पुष्टि होने पर 10 दिन तक अस्पताल में भर्ती होना पड़ेगा या उनके साथ गाँव में सामाजिक-भेदभाव किया जायेगा.

| क्र | क्षेत्र/ग्राम -संकुल | गाँवों की संख्या | गाँवों की कुल आबादी | वायरस से संक्रमित व्यक्तियों का विवरण | | | | | संक्रमण के कारण मौतें | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल संख्या | निवासी | प्रवासी | महिलायें | पुरुष | महिला | पुरुष |
| 1. | मैचून | 5 | 2499 | 14 | 14 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 |
| 2. | शामा | 3 | 2435 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | गणाई गंगोली | 5 | 1062 | 37 | 33 | 4 | 20 | 17 | 0 | 1 |
| 4. | पाटी | 10 | 3175 | 57 | 39 | 18 | 14 | 43 | 0 | 0 |
| 5. | बधाणी | 10 | 6687 | 51 | 39 | 12 | 10 | 41 | 0 | 2 |
| 6. | गोपेश्वर | 11 | 5640 | 117 | 113 | 4 | 51 | 66 | 1 | 1 |
| | | **44** | **21498** | **276** | **238** | **38** | **102** | **174** | **1** | **4** |

लिंग के अनुसार देखें तो वायरस से संक्रमित हुए व्यक्तियों में 63% पुरुष और 33% महिलायें हैं. कुल संक्रमितों में 86% गाँव में रह रहे लोग थे जबकि 14% बाहर से गाँव में लौटे हुए प्रवासी थे. लौट कर आये प्रवासियों की कुल संख्या 519 थी. इनमें से 7% वायरस से संक्रमित हुए.

आयु-वर्ग के अनुसार सबसे ज्यादा (44%) संक्रमित व्यक्ति 36-59 आयु-वर्ग और उसके बाद 18-35 आयु-वर्ग में थे. जबकि सबसे कम (8.3%) 18 वर्ष से कम आयु-वर्ग के थे.

| क्र | क्षेत्र/ग्राम-संकुल | महिला | | | | पुरुष | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | <18 | 18-35 | 36-59 | >60 | <18 | 18-35 | 36-59 | >60 |
| 1. | मैचून | 0 | 4 | 3 | 0 | 0 | 2 | 5 | 0 |
| 2. | शामा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | गणाई गंगोली | 10 | 2 | 6 | 2 | 2 | 7 | 6 | 2 |
| 4. | पाटी | 1 | 3 | 8 | 2 | 0 | 12 | 19 | 12 |
| 5. | कर्णप्रयाग/ गैरसैण | 0 | 3 | 6 | 1 | 0 | 8 | 28 | 5 |
| 6. | गोपेश्वर | 6 | 20 | 21 | 4 | 4 | 33 | 21 | 8 |
| | | **17** | **32** | **44** | **9** | **6** | **62** | **79** | **27** |

**उपचार घर पर या अस्पताल में:** अधिकतर लोग (86%) घर पर रह कर ही स्वस्थ हो गये. इनके द्वारा घरेलू और एलोपैथिक, दोनों तरह की दवाओं का सेवन किया गया. केवल 14% संक्रमित व्यक्ति ही अस्पताल में भर्ती हुए. अस्पताल में भर्ती मरीजों में से 87.5% स्वस्थ हो गये, जबकि 12.5% की मृत्यु हुई.

| क्र. | क्षेत्र/ग्राम-संकुल | कुल संक्रमित | होम आइसोलेशन में रहे | अस्पताल में भर्ती हुए |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैचून | 14 | 14 | 0 |
| 2. | शामा | 0 | 0 | 0 |
| 3. | गणाई गंगोली | 37 | 36 | 1 |
| 4. | पाटी | 57 | 49 | 8 |
| 5. | कर्णप्रयाग/ गैरसैण | 51 | 46 | 5 |
| 6. | गोपेश्वर | 117 | 91 | 26 |
| | | 276 | 236 (86%) | 40 (14%) |

**वायरस के कारण मौतें:** संक्रमित व्यक्तियों में से कुल 5 मौतें हुई. इसमें 4 पुरुष और 1 महिला शामिल थी. मृत्यु-दर 1.8% है.

| संकुल व गाँव | आयु | लिंग | प्रवासी/ निवासी | मृत्यु घर/अस्पताल | क्या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे? |
|---|---|---|---|---|---|
| गणाई गंगोली- किमतोला | 61 | पुरुष | प्रवासी | सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी | नहीं |
| कर्णप्रयाग- जाख | 56 | पुरुष | निवासी | बेस अस्पताल श्रीनगर | नहीं |
| कर्णप्रयाग- चौण्डली | 62 | पुरुष | प्रवासी | अस्पताल से घर आने के बाद | नहीं |
| गोपेश्वर- कोटेश्वर | 84 | पुरुष | निवासी | अस्पताल से घर आने के बाद | नहीं |
| गोपेश्वर- मंडल | 46 | महिला | निवासी | अस्पताल में | नहीं |

**महामारी की दूसरी लहर के दौरान वापस लौटे प्रवासियों का विवरण:**

मार्च 2020 में कोविड 19 वायरस के कारण सम्पूर्ण भारत में लॉकडाउन लगने के बाद उत्तराखण्ड के गाँवों में बड़ी संख्या में प्रवासी वापस आये थे. दूसरी लहर के दौरान अपेक्षाकृत बहुत कम (एक-तिहाई) प्रवासी वापस आये. जहाँ पिछले साल वापस आये प्रवासी इन गांवों की कुल जनसँख्या का 8.4% थे वहीं दूसरी लहर के दौरान लौटे प्रवासी गाँवों की कुल आबादी का केवल 2.7% थे.

| क्र. | क्षेत्र/ग्राम-संकुल | गाँवों की कुल जनसंख्या | कुल प्रवासी | पुरुष | महिलायें | बच्चे-लड़के/लडकियां | | टिप्पणी: कहाँ थे, क्या काम करते थे आदि विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | B | G | |
| 1. | मैचून (धौलादेवी/ भैंसियाछाना अल्मोड़ा) गाँव-5 | 2499 | 103 | 56 | 9 | 20 | 18 | लौट कर आये प्रवासी गांवों की जनसँख्या का 4.1% हैं. लगभग 32% अल्मोड़ा जिले में, 19% राज्य के नैनीताल,उधम सिंह नगर जिलों में और 49% दिल्ली, उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश राज्यों में कार्यरत थे. अधिकांश होटलों, प्राइवेट कंपनी में या ड्राईवर के तौर पर कार्यरत थे. |
| 2. | गणाई गंगोली (पिथौरागढ़) गाँव-5 | 1062 | 60 | 49 | 4 | 4 | 3 | लौट कर आये प्रवासी गांवों की जनसँख्या का 5.6% हैं. इनमें 78% राज्य के अल्मोड़ा, नैनीताल, उधम सिंह नगर और बागेश्वर जिलों में तथा 22% दिल्ली में कार्यरत थे. अधिकांश फैक्ट्री (सिडकुल), प्राइवेट कंपनी, होटलों, दुकानों में कार्यरत थे. |
| 3. | पाटी (चम्पावत) गाँव-10 | 3175 | 181 | 83 | 40 | 32 | 26 | लौट कर आये प्रवासी गांवों की जनसँख्या का 5.7% हैं. इनमें से 8% चम्पावत ज़िले में, 42% प्रदेश के उधम सिंह नगर व नैनीताल जिलों में जिलों में और 50% प्रदेश के बाहर दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र राज्यों में काम कर रहे थे. अधिकांश प्राइवेट कम्पनी, फैक्ट्री, बेकरी, दुकान में कार्यरत थे. कुल 5 महिलाओं में से |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 3 उत्तराखण्ड में और 2 राज्य के बाहर रोजगार कर रही थीं. |
| 4. | कर्णप्रयाग/ गैरसैण (चमोली) गाँव- 10 | 6687 | 122 | 70 | 15 | 23 | 14 | लौट कर आये प्रवासी गांवों की जनसँख्या का 1.8% हैं. लगभग 8% अपने जिले में, 29% राज्य के देहरादून व् हरिद्वार जिलों में तथा 63% दिल्ली, हरियाणा और गुजरात राज्यों में रह रहे थे. इनमें से अधिकतर होटलों और प्राइवेट कम्पनी में कार्यरत थे जबकि कुछ देहरादून में पढ़ाई कर रहे थे. केवल 2 महिलायें (उत्तराखंड के बाहर) रोजगार कर रही थीं (छातोली). |
| 5. | गोपेश्वर/ दशौली (चमोली) गाँव-11 | 5640 | 53 | 33 | 8 | 8 | 4 | लौट कर आये प्रवासी गांवों की जनसँख्या का 0.93% हैं. लगभग 15% अपने ज़िले में, 21% राज्य के अन्य ज़िलों (देहरादून, नैनीताल) और 64% राज्य से बाहर दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा आदि राज्यों में थे. अधिकतर प्राइवेट कंपनी या होटल में काम कर रहे थे. |
| **कुल- 41*** | | **19,063** | **519** | **291** | **76** | **87** | **65** | |

*शामा क्षेत्र के आँकड़े शामिल नहीं हैं.

कुल प्रवासियों में से 49% उत्तराखण्ड में रह रहे थे. इनमें से 13% अपने ही जिले में तथा 36% उत्तराखण्ड के अन्य जिलों में रह रहे थे. 51% उत्तराखण्ड से बाहर अन्य राज्यों में रह रहे थे. अधिकतर प्रवासी प्राइवेट कंपनी, होटल/रेस्टोरेंट, दुकानों इत्यादि में कार्यरत थे.

इन प्रवासियों में 58% पुरुष, 16.37% महिलाएँ और 25.54% बच्चे हैं. बच्चों में 57.69% लड़के तथा 42.3% लडकियाँ हैं. अगर वयस्कों के आंकड़े देखें तो प्रवासियों में 79% पुरुष और 21% महिलाएँ हैं. रोजगार कर रही प्रवासी महिलाओं की कुल संख्या 9 (वयस्क महिला प्रवासियों का 7%) थी, अन्य गृहणी के रूप में थीं.

**पिछले साल और इस बार के गाँव के हालातों में मुख्य अंतर :** सभी गाँवों में लोगों का यह मानना था कि दोनों सालों के हालातों में अंतर हैं.

1. पिछले साल की अपेक्षा दूसरी लहर के दौरान संक्रमण संक्रमण बहुत अधिक फैलने तथा गाँवों में डर का वातावरण होने की बात सबसे ज्यादा कही गयी (61% प्रपत्र). पिछले साल देश में कोरोना वायरस आया तो लोगों की आम धारणा यही थी कि यह वायरस हमारे गाँव तक नहीं पहुँच सकता. लेकिन जब बीमारी गाँव तक आ गयी तो बहुत भय लगने लगा. **"उस समय (2020) बीमारी तो थी, परन्तु वह शहरों में थी. इस साल गाँव में भी बीमारी का प्रकोप बहुत ज्यादा पाया गया" (जाख, चमोली)**
2. पिछली बार की अपेक्षा कम प्रवासी गाँवों में लौटे. इसका मुख्य कारण यह था कि पिछली बार की तरह देशव्यापी सम्पूर्ण लॉकडाउन नहीं लगाया गया और रोजगार करने की अनुमति भी थी. यह बात 23% प्रपत्रों में दर्ज है.
3. पिछले साल सरकार द्वारा देशव्यापी सम्पूर्ण लॉकडाउन लगाने तथा संस्थागत पृथक-वास (institutional quarantine) की व्यवस्था होने के कारण गांवों में लोग सुरक्षित बचे रहे (23% प्रपत्र) लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया. इसे कई लोगों ने संक्रमण फैलने के लिये जिम्मेदार माना है.
4. कुछ गाँवों से पिछली बार की अपेक्षा ज्यादा आर्थिक तंगी होने (बेरोजगारी तथा बचत ख़त्म हो जाने के कारण) की बात कही गयी. **"2020 में लोगों के पास बचत के पैसे थे... 2021 में बचत भी नहीं रही" (गोगिना, बागेश्वर)**
5. पिछले साल कोरोना वायरस संक्रमण लोगों के लिये बिल्कुल नया था जो पहले देखा-सुना नहीं था. लेकिन इस बार लोगों को वायरस और इसके संक्रमण से बचने के उपायों के बारे में जानकारी थी. इसके अलावा इस बार बचाव के लिये टीकाकरण भी हो रहा था (14% प्रपत्र).

**इस बार सबसे ख़राब प्रभाव क्या अनुभव किया गया:**

- गांवों में कोविड19 वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान सबसे ख़राब असर बेरोजगारी बताया/समझा गया (45%). सबसे बुरा प्रभाव गाँव लौटकर आये प्रवासियों और उनके परिवारों में हुआ. वे सभी छोटी-मोटी प्राइवेट नौकरी कर रहे थे पर उनका काम बन्द हो गया. **"जो लोग नीचे (मैदानी क्षेत्र) रहते थे जब वे घर आये तो उनके पास खाने के लिये पैसे नहीं थे..." (मलखा दुगर्चा, बागेश्वर).** इसके अलावा बहुत से गाँवों में 'मनरेगा' का काम भी बंद रहा तथा

निर्माण-सामग्री की दुकानों के बंद रहने से स्थानीय कामगार भी बेरोजगार हो गये.

- बेरोजगारी के बाद सबसे ज्यादा (41% प्रपत्रों में) असर स्कूली बच्चों की शिक्षा पर अनुभव किया गया. ज्यादातर बच्चों को स्मार्ट-फ़ोन और इंटरनेट सुलभ नहीं है. दूरदराज़ के बहुत से गाँवों में फ़ोन/इन्टरनेट सिग्नल भी नहीं रहता. इसके अलावा अधिकांश माता-पिता/अभिभावक स्वयं कम पढ़े-लिखे हैं जिस कारण अपने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने में असमर्थ हैं. संक्रमण के खतरे और सरकार के कोविड दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए ग्राम शिक्षण केन्द्र भी एक-डेढ़ महीने बंद करने पड़े (शिक्षिका द्वारा बच्चों के घर जाकर किताबें देने और कुछ गतिविधियाँ कराने की कोशिश की गयी). **“गाँव में कोविड19 महामारी का सबसे बुरा प्रभाव बच्चों पर हुआ है. बच्चों की पढ़ाई रुक गयी है. स्कूल, कॉलेज सब बन्द हो गये. इस कारण बच्चों का पढ़ाई से ध्यान ही हट गया.” (छातोली, चमोली)**

  **“स्मार्ट फ़ोन की सुविधा कुछ ही लोगों के पास है” (भन्याणी, पिथौरागढ).**

- वायरस से संक्रमित होने का भय भी सबसे ख़राब असर के रूप में अनुभव किया गया (32% प्रपत्र). गूम (पाटी) में लोग इस बात से बेहद डरे थे कि **“सांस बन्द होने की बीमारी पहाड़ में आती है तो अस्पताल जाने तक मृत्यु हो सकती है”**. भट्यूड़ा (पाटी) गाँव के लोगों का कहना था कि **“हमारे रिश्तेदार, जो बाहर शहरों में रहते हैं, कोरोना से मर रहे हैं; अगर यह बीमारी यहाँ आएगी तो गाँव के गाँव खाली हो जायेंगे”.** संक्रमण के लक्षणों वाले बहुत से लोग न तो जांच करा रहे थे न अपनी बीमारी के बारे में किसी को बता रहे थे क्योंकि उन्हें डर था कि जबरन अस्पताल में भर्ती कर दिया जाएगा.
- गाँव में सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रम, उत्सव, संगठन की बैठक/गोष्ठी आदि आयोजन नहीं हो पाना (9% प्रपत्र) भी बुरे असर के रूप में देखा गया.

**गाँवों में किन चीजों पर प्रभाव नहीं/बहुत कम अनुभव किया गया:**

- सबसे ज्यादा (68% प्रपत्र) कृषि, पशुपालन व दुग्ध-व्यवसाय, सब्जी-उत्पादन और गाँव में रहकर जीवन-यापन कर रहे परिवारों पर महामारी की दूसरी लहर के दौरान सबसे कम असर पड़ने की बात दर्ज़ की गयी है. कहीं-कहीं पर दूध, सब्जी आदि को बेचने में थोड़ी समस्या आयी लेकिन ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा.
- राशन तथा खाने-पीने की अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर असर नहीं पड़ने का उल्लेख 20% प्रपत्रों में किया गया है.

- गाँव के अन्दर रोजगार पर प्रभाव नहीं पड़ने का उल्लेख 11% प्रपत्रों में किया गया है.
- 11% प्रपत्रों में सरकारी कर्मचारियों पर महामारी का आर्थिक दुष्प्रभाव नहीं पड़ने का उल्लेख किया गया है.

वायरस संक्रमण की पहली लहर (2020) के दौरान भी उपरोक्त गतिविधियाँ प्रभावित नहीं हुई थीं. केवल एक अंतर था कि दूसरी लहर के दौरान गाँव/स्थानीय-स्तर पर श्रमिकों को काम करने की अनुमति थी इसलिये पिछले साल जितना गंभीर प्रभाव नहीं पड़ा.

**लोगों के आपसी रिश्तों पर क्या मुख्य प्रभाव पड़ा?**

- 68% प्रपत्रों में उल्लेख है कि वायरस का अत्यधिक भय होने के कारण लोगों ने न केवल पड़ोस के गाँवों में, बल्कि गाँव के अन्दर भी अपने परिचितों/सम्बन्धियों से मिलना-जुलना बंद कर दिया.
  **-"आपस में लोग कम मिलजुल रहे थे, यहाँ तक कि बच्चों को भी नहीं मिलने दिया गया" (लखनपुर, पाटी),**
  **-"लोग अपने रिश्तेदारों से नहीं मिल पा रहे थे क्योंकि नीचे से कहा गया कि कोई अपने गाँव से दूसरे गाँव नहीं जायेगा" (मलखा दुगर्चा, बागेश्वर)**
- ज्यादातर सामाजिक-धार्मिक आयोजन रद्द या स्थगित कर दिए गये. अन्य आयोजनों को सादगी के साथ सम्पन्न किया गया और कोविड19 दिशानिर्देशों के अनुरूप सीमित संख्या में लोग शामिल हुए (20% प्रपत्रों में उल्लेख).
- कुछ प्रपत्रों में उल्लेख किया गया है कि खाँसी, सर्दी, बुखार के लक्षण वाले लोगों से बहुत डर लग रहा था और जो क्वारंटीन में रह रहे थे लोगों ने उनकी सहायता नहीं की. कहीं-कहीं लोग पीड़ित व्यक्तियों की मदद करने के बजाय उनसे झगड़ रहे थे.
- कहीं पर प्रवासियों के सपरिवार वापस आने से घरों में सीमित स्थान या गाँव में सीमित संसाधन (पानी आदि) होने के कारण आपसी रिश्तों में तनाव रहा.
  दूरस्थ गांवों में आपसी रिश्तों में ख़ास असर नहीं पड़ने तथा खेती के कार्यों में पहले की तरह आपसी सहयोग किये जाने का उल्लेख है.

**गाँवों में सामाजिक धार्मिक आयोजनों पर प्रभाव:**

पिछली लहर की तरह ही दूसरी लहर के दौरान भी सभी गाँवों में सामाजिक और धार्मिक आयोजनों पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ा.

- सामाजिक/धार्मिक समारोह स्थगित या रद्द करने पड़े.
- गाँवों में जिन सामाजिक/धार्मिक समारोहों- विवाह, मुंडन, पूजा/यज्ञ इत्यादि को मजबूरी में आयोजित करना पड़ा उन्हें सरकार द्वारा जारी किये गये कोविड19 दिशानिर्देशों के अनुरूप सादगी के साथ सम्पन्न किया गया.

  **- "काजल की शादी में चहल-पहल कम थी. लोग भी कम आये थे. गाँव में होने वाली कर्ण-पूजा में भी बहुत कम लोग शामिल हुए." (कुकड़ई, कर्णप्रयाग, चमोली).**

  **- "आशा की शादी में गाँव के आधे लोग ही शामिल हुए, जबकि बाहर से कोई नहीं आया." (छातोली, कर्णप्रयाग, चमोली)**

  **-शादियों में डीजे, बैंड आदि नहीं मंगाये गये. लोग भीड़भाड़ वाले आयोजनों से बच रहे हैं" (किमतोला, गणाई, पिथौरागढ)**

  **- "गाँव में नंदा-अष्टमी पर्व का आयोजन होता था. गाँव की सभी 'ध्याणी' (शादीशुदा बेटियाँ) ससुराल से मायके आती थीं. उनका आना-जाना भी बन्द है." (मालई, चमोली)**

  **"देव-कार्य पहले जहाँ अधिक लोगों की उपस्थिति में होता था अब सिर्फ पंडित ही कार्य सम्पन्न कर रहे हैं." (सिरौली, गोपेश्वर)**
- संस्था द्वारा बालमेले, महिला सम्मलेन, गोष्ठी इत्यादि का आयोजन नहीं किया जा सका.
- ग्राम सभा, महिला संगठनों की मासिक की बैठकें आयोजित नहीं हुईं.

**गाँव में रह रहे किन परिवारों की आय पर बहुत ज्यादा असर पड़ा?**

सबसे ज्यादा प्रभाव बाहर से गाँव में लौटे हुए प्रवासियों और उनके परिवारों पर पड़ा है जो बेरोजगार हो गये (73% प्रपत्रों में उल्लेख). इनके बाद सबसे ज्यादा प्रभावित हुए लोग गाँव/आसपास के दुकानदार, टैक्सी ड्राइवर/मालिक, होटल/ढाबों में काम करने वाले या अन्य स्वरोजगार करने वाले लोग थे जिनका काम-धंधा बन्द या मंद हो गया (32% प्रपत्रों में उल्लेख). इसके अलावा दैनिक मजदूरी पर काम करने वालों पर भी अधिक प्रभाव हुआ क्योंकि आसपास के गाँवों में आना-जाना बन्द होने, 'मनरेगा' के अंतर्गत काम बन्द रहने, निर्माण-सामग्री की आपूर्ति बाधित होने आदि के कारण रोजगार पर पूर्ण या आंशिक तौर पर असर पड़ा. **"गाँव में कुछ लोग प्राइवेट नौकरी करते थे अथवा स्थानीय रोजगार से अपना घर चलाते थे... ये लोग महामारी के कारण अपने घर तक ही सीमित रह गये और घर-परिवार का पालन-पोषण करने तथा अपनी रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करने में लाचार हो गये हैं." (मालई, चमोली)**

**रोजगार और आय में कमी का लोगों की जीवनचर्या पर प्रभाव:**

- सबसे ज्यादा अनुभव किया गया प्रभाव था कि बेरोजगार हुए लोग और उनके परिवार दैनिक ज़रूरत की चीज़ें खरीदने में असमर्थ हो गये (64% प्रपत्रों में उल्लेख). उन परिवारों की हालत ज्यादा ख़राब हो गयी जिनमें सदस्य तो ज्यादा हैं लेकिन कमाने वाला केवल एक व्यक्ति था और वह भी बेरोजगार हो गया. सरकार द्वारा मुफ्त राशन देने से ऐसे परिवारों को बहुत राहत मिली लेकिन तेल, मसाले, चीनी, चाय, साबुन, मंजन इत्यादि खरीदने के लिये रुपये नहीं थे. जिन परिवारों की स्थिति थोड़ी बेहतर थी उन्होंने भी केवल बहुत ज़रूरी चीज़ें ही खरीदी और अनावश्यक व्यय नहीं किया.
- बेरोजगारी और आय का कोई स्रोत नहीं रहने से परिवारों में मानसिक तनाव रहा. (16% प्रपत्र)
- कुछ परिवार देनदारियाँ नहीं चुका पा रहे थे और कुछ को दैनिक ज़रूरत की चीज़ें खरीदने के लिये क़र्ज़ लेना पड़ा. कुछ को अपने मकान-निर्माण का काम अधूरा छोड़ना पड़ा.
- लेकिन कुछ गाँवों में अधिकांश लोग खेती और पशुपालन पर निर्भर थे. वहाँ पर अनाज, दूध, सब्जी इत्यादि की कमी नहीं हुई और इनकी बिक्री से होने वाली आय पर भी महामारी का विशेष प्रभाव नहीं पड़ा. बहुत से प्रवासियों ने नकदी की कमी के कारण स्वयं सब्जी-उत्पादन शुरू किया तो कुछ परिवारों ने जंगली सब्जियों का सेवन किया.

**बहुत ज्यादा मुसीबत का सामना कर रहे परिवार और इनकी परेशानियाँ:**

| संकुल | परिवारों की संख्या | समस्याएँ/परेशानियाँ |
|---|---|---|
| मैचून | 22 | • मौनी में 15 परिवार- **"कमाने वाले सदस्यों को घर में रहना पड़ रहा है और घर में कोई रोजगार नहीं. खेती में मेहनत करके भी कुछ नहीं होता. करें तो क्या करें? जानवर पालते हैं तो बाघ मार देता है और खेती करें तो बन्दर, सुअर नुकसान पहुँचा रहे हैं".**<br>• मनिआगर में 4 परिवार- जिनके कोई सदस्य संक्रमित थे और अन्य को संक्रमण का डर था.<br>• पल्यूं में 3 परिवार- जो लोग दिल्ली मे रह रहे थे उनका काम बन्द |

| | | |
|---|---|---|
| | | होने के कारण उन्हें घर आना पड़ा लेकिन घर में मजदूरी नहीं मिली. |
| पाटी | 142 | • बिसारी में 15-20 परिवार- आमदनी का स्रोत बन्द होते ही मानसिक तनाव, स्कूल की फीस नहीं दे पा रहे, घर में अनाज, दाल, जरूरत की अन्य चीज़ें नहीं मिल पाना<br>• गरसाड़ी में 15-20 परिवार- शादी-ब्याह रोकने पड़े जिससे रिश्ते भी टूटे.<br>• जैरोली में 6 परिवार- मजदूरी न मिल पाना<br>• सरमोली में 4 परिवार- खाने-पीने की चीजों की कमी.<br>• जनकांडे में 20 परिवार- मानसिक तनाव<br>• गूम में 20 परिवार- बाज़ार में दूध नहीं बिका, 'मनरेगा' में काम नहीं मिला.<br>• लखनपुर में 10-15 परिवार- बाज़ार में दूध नहीं बिका या आधा ही बिक सका. |
| शामा/ गोगिना | 20 | • गोगिना में 4 परिवार हैं जिनमें से एक परिवार का मुखिया मानसिक रूप से अस्वस्थ है, पत्नी नेत्रहीन तथा माँ बहुत वृद्ध है. एक अन्य परिवार में मुखिया की पत्नी का निधन हो चुका था और वह मजदूरी करके अपने बच्चों को पाल रहा था.<br>• मलखा दुगर्चा में 6 परिवार ऐसे हैं जिनमें कमाने वाला एक था लेकिन खाने वाले ज्यादा लोग. उनकी तेल, चीनी आदि की ज़रूरतें पूरी नहीं हो पा रही थीं.<br>• नामिक गाँव में 10 परिवार जिनमें से कहीं तो कमाने वाला एकमात्र सदस्य बेरोजगार होकर गाँव आ गया. अन्य ऐसे परिवार जिनमें स्थानीय स्तर पर मजदूरी करने वालों को काम नहीं मिल पा रहा था. |
| गणाई गंगोली | 7 | • भालूगाड़ा में 5 परिवार- आमदनी कम और सामान मंहगा.<br>• ग्वाड़ी में एक प्रवासी परिवार लॉकडाउन में घर वापस आया लेकिन रोजगार नहीं होने के कारण दैनिक खर्च चलने में दिक्कतें आ रही थीं.<br>• किमतोला में एक प्रवासी परिवार आया. पुराना रोजगार नहीं रहा, गाँव में भी मजदूरी नहीं मिल पा रही और खेत बंजर हैं. कई परिवारों के राशन-कार्ड भी नहीं बने हैं. |
| कर्णप्रयाग/ गैरसैण | 57 | • पुडियाणी में 3 परिवार- होटलों, दुकानों में कम करने वाले. पैसों की कमी के कारण मुसीबतें. |

| | | |
|---|---|---|
| | | • चौण्डली में एक परिवार- कमाने वाले एकमात्र सदस्य की कोरोना से मृत्यु हो गयी. वर्तमान मुसीबतों के साथ भविष्य की भी चिंता है.<br>• छातोली में 9 परिवार- प्राइवेट नौकरियाँ थीं जो छूट गयी. इनके परिवार भी बड़े हैं. **"जो लोग बाहर से गाँव वापस आये उनकी खेतीबाड़ी भी नहीं है जिस कारण सब्जी, दालें आदि भी उन्हें बाज़ार से खरीदनी पड़ रही हैं."**<br>• बैनोली में 12 परिवार- रोजगार की समस्या के कारण आमदनी शून्य हो गयी. इस कारण दाल, तेल, नमक, साबुन, चाय-पत्ती आदि की ज़रूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं.<br>• भटग्वाली में 8 परिवार- मजदूरी नहीं मिल रही और बाहर से आये प्रवासियों के पास खेतीबाड़ी नहीं है इसलिए ज़रूरत की सभी चीज़ें बाज़ार से खरीदनी पड़ रही हैं.<br>• बधाणी में 20 परिवार- छोटे-मोटे होटल-ढाबे चलाने वाले/ इनमें काम करने वाले टैक्सी ड्राइवर आदि बेरोजगार हो गये. |
| गोपेश्वर | 8 | ग्वाड़ गाँव में 8 परिवार- 'मनरेगा' में काम नहीं मिल रहा था और खेती की ज़मीन कम होने के कारण इससे गुजारा नहीं होता. देवलधार, बमियाला, कठूड़ गाँवों में भी 'मनरेगा' में रोजगार नहीं मिलने का ज़िक्र है लेकिन संकट की स्थिति नहीं आई:<br>• **"किसी भी परिवार को मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ा. अपने घर में पैदा की गयी वस्तुओं तथा सरकार द्वारा दिए गये राशन पर लोग निर्भर रहे" (बछेर गाँव)**<br>• **"मुसीबत का सामना अभी तक किसी परिवार ने नहीं किया क्योंकि गाँवों में शहरों की अपेक्षा कुछ न कुछ रोजगार का साधन जुटा कर अपना पेट पाल ही लेते हैं." (काण्डई)** |

**लौटे प्रवासियों में से कितने गाँव में रहने का इरादा रखते हैं:**

पिछले साल की अपेक्षा इस बार कम प्रवासी गाँव में आये. इनमें से अधिकतर प्रवासी स्थिति में सुधार होते ही पुराने काम पर लौटना चाह रहे थे. **गोपेश्वर** क्षेत्र (चमोली) के जिन 11 गाँवों की सूचना है उनमें से 2 गाँवों (बणद्वारा और मण्डल) में दूसरी लहर के दौरान कोई प्रवासी नहीं लौटा जबकि खल्ला गाँव में केवल एक प्रवासी परिवार आया था जो वापस जाना चाहता था. अन्य 6 गाँवों में जो प्रवासी आये थे उनमें से सभी शहर वापस जाना चाह रहे थे. शेष गाँवों में भी इक्का-दुक्का प्रवासी ही गाँव में रहने का मन बना रहे थे.

चमोली जिले के कर्णप्रयाग/गैरसैण क्षेत्र के 10 गांवों में से मालई में कोई प्रवासी वापस नहीं आया. अन्य 5 गाँवों में भी 3 से 7 तक प्रवासी वापस आये. इस क्षेत्र के 6 गाँवों में एक भी प्रवासी गाँव में नहीं रहना चाहता था तथा शेष गाँवों में भी ज्यादातर की यही राय थी. **"वापस आये प्रवासियों में से किसी ने भी गाँव में रहना उचित नहीं समझा है. उनका मानना है की यहाँ अच्छी शिक्षा, अच्छे अस्पताल तथा अच्छी नौकरी, आजीविका कमाने का कोई साधन नहीं है" (सुन्दरगाँव).**

गाँव के लोगों और प्रवासियों की सोच में विरोधाभास भी दिखा **1. सुन्दरगाँव (चमोली): गाँव के लोगों का कहना था कि कोई व्यक्ति देश के किसी भी कोने में रहे तथा जो कुछ भी करे, अपना घर-गाँव नहीं भूलना चाहिये क्योंकि मुसीबत आने पर सब लोग गाँव की तरफ आते हैं. लेकिन प्रवासियों का कहना था कि पहाड़ जैसी, बल्कि उससे अच्छी सुविधायें हमें वहाँ प्राप्त हैं.**

**2. कोटेश्वर (चमोली): प्रवासी कह रहे हैं कि बीमारी कम होने पर वे शहर को लौट जायेंगे. गाँव के लोगों का कहना है कि गाँव में हवा, पानी आदि सब चीज़ शुद्ध है तथा अन्य रोजगार का साधन नहीं भी हुआ तब भी खेती करके काम चला सकते हैं".**

गणाई क्षेत्र (पिथौरागढ) के 5 में से 3 गाँवों में एक भी प्रवासी नहीं रुकना चाहता था तथा शेष 2 गाँवों में भी अधिकतर प्रवासी वापस जाना चाह रहे थे.

- **"यहाँ रोजगार होता तो यहीं रहते; नौकरी के लिये बाहर जाना ही पड़ेगा" (भालूगाड़ा).**
- **"इस बार दो लोग ही वापस आये जो काम खुलते ही वापस जायेंगे" (ग्वाड़ी).**

मैचून/पल्यूं क्षेत्र (अल्मोड़ा) में 5 में से 2 गाँवों में एक भी प्रवासी नहीं आया. अन्य 3 गाँवों में भी अधिकतर या सभी प्रवासी वापस जाना चाहते थे.

गोगिना-नामिक क्षेत्र में भी बहुत कम प्रवासी गाँव में रहना चाह रहे थे.

- **"लोग बोल रहे थे कि हम लोग गाँव में काम नहीं कर सकते हैं" (गोगिना).**
- **"वे चाहते हैं कि कोरोना जल्दी ठीक हो जाए और होटल खुल जायें जिससे वे जहाँ रहते थे वहाँ चले जायें और अपनी नौकरी कर सकें" (मलखा दुगर्चा).**
- **"बहुत से प्रवासी गाँव में रहकर मजदूरी का काम नहीं कर पा रहे हैं और खेतीबाड़ी का काम भी नहीं सीखा है. कुछ लोग, जो ये कर पा रहे हैं, घर पर रहना चाहते हैं. बाकी लॉकडाउन खुलने पर वापस चले जायेंगे" (नामिक).**

पाटी क्षेत्र (चम्पावत) के 10 गाँवों में से 5 में सभी तथा शेष 5 गाँवों में अधिकतर प्रवासी वापस जाना चाह रहे थे.

- **“गाँव के लोगों और प्रवासियों का कहना था कि घर में रहकर गुजर-बसर नहीं हो सकती क्योंकि कृषि पर जंगली जानवर और मौसम का परिवर्तन प्रभावी है” (भट्यूड़ा)**
- **“प्रवासियों का कहना है कि पहाड़ों में रोजगार की कमी है तथा हम लोगों का घर के कामों में मन कम लगता है...”(लखनपुर, पाटी)**

**गाँव के निवासियों और प्रवासियों के मुख्य सुझाव:**

- आम तौर पर सभी जगह गाँव में रह रहे लोगों और वापस आये हुए प्रवासियों का यह मानना था कि शहर की अपेक्षा गाँव का जीवन बेहतर है. यहाँ हवा-पानी शुद्ध है और ताज़ी सब्जियाँ, दूध और अन्न उपलब्ध है. लेकिन उनका यह भी कहना था कि गाँव में रोजगार नहीं होने के कारण लोग पलायन करने को मजबूर हैं. ज्यादातर लोगों ने गाँव में रोजगार के साधन बढ़ाने का सुझाव दिया.

  **-“गाँव में लोगों का सुझाव है कि घर में रह कर अपनी खेतीबाड़ी पर ध्यान देना चाहिये तथा इसी से अपना रोजगार चलाना चाहिये” (कुकड़ई, चमोली).**

  **-“गाँव के लोग व प्रवासी चाहते हैं कि अपने इलाके में ही स्वरोजगार के साधन- कुटीर उद्योग, पशुपालन, मुर्गीपालन आदि विकसित हों जिससे पलायन ना करना पड़े “ (बधाणी, चमोली).**

  **-“सरकार को पहाड़ी क्षेत्रों में ही रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिये ताकि लोग रोजगार के साथ ही अपने घर-परिवार व खेती की देख-रेख कर सकें” (भन्याणी).**

- कृषि भूमि पर्याप्त नहीं है तथा खेतीबाड़ी में अन्य समस्याएँ हैं इसलिये अन्य क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने का प्रयास होना चाहिये. **“गाँव के लोग कहते हैं कि घर में ही रहो; आज तक जैसे समय निकला वैसे ही निकाल लेंगे. वापस आये लोग कहते हैं पहले का समय कुछ ठीक था. तब आज के जितने जंगली जानवर भी नहीं थे, सब मिलजुल कर समय निकलते थे और समय पर बारिश भी होती थी” (मौनी).** भट्यूड़ा (पाटी) में भी लोगों ने ऐसी ही बातें कहीं- **“गाँव के लोग एवं प्रवासियों का कहना था कि घर का कार्य, कृषि करके परिवार का भरण-पोषण नहीं हो सकता क्योंकि कृषि पर जंगली जानवरों और जलवायु-परिवर्तन का प्रभाव है.”**
- सरकार द्वारा दिये गये कोविड19 महामारी से बचाव के लिये लगाये गये प्रतिबंधों तथा जारी किये दिशा-निर्देशों को अधिकांश लोगों ने पसंद किया और कहा कि इस कारण लोग सुरक्षित बच पा रहे हैं. अधिकतर गाँवों से सुझाव आया है हमें इन दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिये. कुछ को यह शिकायत थी कि इस बार सरकार ने

पिछले साल की तरह कठोर प्रतिबन्ध नहीं लगाये जिस कारण उनके गाँवों में भी संक्रमण फैल गया.

**सरकार द्वारा संक्रमित रोगियों को प्रदान की गयी चिकित्सा-सुविधायें और लोगों की प्रतिक्रिया:**

- सरकार द्वारा अधिकतर गाँवों में वायरस से संक्रमण का पता लगाने के लिये टेस्टिंग की व्यवस्था की गयी लेकिन दूरस्थ गाँवों में लोगों की शिकायत थी कि उनके वहाँ टेस्ट नहीं हुए. इसके अलावा जहाँ टेस्टिंग हुई उनमें से भी अनेक गाँवों में पर्याप्त टेस्ट-किट उपलब्ध नहीं होने के कारण जरूरत से कम जाँचें की गयीं.
- संक्रमित व्यक्तियों को सरकार द्वारा 'आशा' वर्कर्स के माध्यम से 'आयुष किट' (दवाएँ, मास्क और सेनीटाइज़र) मुफ़्त वितरित किये गये. लेकिन सभी गाँवों में एक समान सुविधायें नहीं मिलीं. लोगों की यह शिकायत भी थी कि किट में जिन चीजों की सूची अंकित थी वे सब चीज़ें उसमें नहीं मिलीं, जैसे- थर्मामीटर और ऑक्सीमीटर नहीं था.
- टीकाकरण को लेकर एक तरफ़ लोगों में हिचकिचाहट/डर था कि टीका लगाने से बीमार पड़ जायेंगे लेकिन दूसरी तरफ़ इसकी मांग भी की जा रही थी.
- बहुत से गाँवों में लोगों ने सरकार द्वारा चलाये गये कोविड जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इससे बीमारी पर नियंत्रण हुआ.

कुल मिलाकर 70% गाँवों में ज्यादातर लोग सरकार द्वारा प्रदान की गयी चिकित्सा-सुविधाओं से प्रसन्न या संतुष्ट थे जबकि 16% गाँवों में लोगों ने असंतोष प्रकट किया. शेष 14% गाँवों में मिलीजुली प्रतिक्रियाएं रहीं.

अल्मोड़ा जिले के मैचून क्षेत्र में सभी 5 गाँवों, चमोली जिले के गोपेश्वर क्षेत्र में 11 में से 10 गाँवों में, कर्णप्रयाग (चमोली) व पाटी (चम्पावत) क्षेत्र के 10 में से 8 गाँवों में इक्का-दुक्का गाँवों को छोड़कर अन्य गाँवों में लोगों ने सरकार की कोशिशों की सराहना की.

- **"सरकार द्वारा पहुंचाई गयी चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाओं से सभी संतुष्ट हैं और कह रहें हैं कि सरकार इतना ख़याल रख रही है." (मौनी, मैचून)**
- **संक्रमित व्यक्तियों का सुचारु रूप में इलाज हो रहा है तथा दवाइयाँ भी दी जा रही हैं. (बमियाला, गोपेश्वर)**

लेकिन लेकिन कुछ गाँवों में लोग संतुष्ट नहीं थे. काण्डई और बछेर गाँवों (गोपेश्वर) में अधिकतर लोगों का कहना था इस बार महामारी में सरकार कुछ नहीं

कर रही है. सरकार द्वारा संक्रमित व्यक्तियों को सिर्फ आइसोलेशन किट उपलब्ध कराई गयी, अन्य किसी प्रकार की पूछताछ नहीं की गयी. चौण्डली (कर्णप्रयाग) में लोगों को यह ख़राब लगा कि संक्रमण से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को सरकार द्वारा कोई सुविधा नहीं प्रदान की गयी.

- **किमतोला (गणाई, पिथौरागढ): "जो लोग संक्रमित थे या जिनमें सर्दी-बुखार के लक्षण थे, उन्हें स्वयं ही अपना उपचार करना पड़ा."**
- **भन्याणी (गणाई गंगोली, पिथौरागढ): "जो लोग बीमार पड़े उन्हें कोई इलाज नहीं मिला. लोगों ने अपने से दवा खरीदकर इलाज करवाया जिसके लिये मनमाना पैसा लिया गया."**
- **गरसाड़ी (पाटी): " लोगों का कहना था कि एक बार 'आशा' के माध्यम से दवा मिली, जांच आदि की सुविधा नहीं मिली."**
- **गोगिना (बागेश्वर) में लोगों का कहना था कि जो दवाई दी जा रही है वह ख़राब है. इसी क्षेत्र के मलखा दुगर्चा गाँव में भी कई लोगों ने ऐसी ही शिकायत की, जबकि कुछ का कहना था कि सरकार ने बड़ी जनसँख्या होने के बावजूद इतनी मुश्किल से हमें दवाई दी है तो हमारे लिये ये ठीक ही होगी.**

**महामारी से निपटने के सरकार के प्रयासों पर लोगों की प्रतिक्रिया:**

लगभग 70% गाँवों में लोगों ने महामारी की दूसरी लहर के दौरान सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की प्रशंसा की या संतोष व्यक्त किया. केवल 9% गाँवों में लोगों ने आलोचना की, जबकि 21% ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी.

चमोली जिले के गोपेश्वर क्षेत्र में सभी गाँवों में सामान्यतया लोगों ने महामारी की रोकथाम/नियंत्रण के उद्देश्य से सरकार द्वारा लगाये प्रतिबन्धों को ठीक माना और समर्थन किया. साथ ही कोविड19 की जाँच के लिये कैंप लगाने व दवा, मास्क, सेनीटाइजर इत्यादि वितरित करने के लिये सरकार की तारीफ़ की. चमोली जिले के कर्णप्रयाग/गैरसैण क्षेत्र में 50% गाँवों में लोग सरकार की कोशिशों की तारीफ कर रहे थे लेकिन अन्य 50% गाँवों में लोगों को शिकायतें थीं. इनमें से 4 गाँवों में लोगों ने कहा कि सरकार को इस बार भी कड़ाई से लॉकडाउन लगाना चाहिये था, दूसरे राज्यों/जिलों से आने वाले लोगों पर पाबंदियां लगानी थीं और कुम्भ-मेला व चुनाव टाल देने थे. एक गाँव के लोगों को लॉकडाउन के कारण बच्चों की पढ़ाई चौपट हो जाने की शिकायत थी.

गणाई क्षेत्र में मिलीजुली प्रतिक्रिया रही. भालूगाड़ा गाँव में लोगों ने कहा कि सरकार इस बीमारी से निपटने के लिये पूरी कोशिश कर रही है. लेकिन अन्य गाँवों में सरकार से शिकायतें थीं या कोशिशों की सराहना के साथ-साथ आलोचना भी थी. जैसे

**भन्याणी : "सरकार प्रयास कर रही है लेकिन दूरदराज के गाँवों तक सुविधायें नहीं पहुँचती हैं. लोगों की कोरोना जांच नहीं की गयी और टीकाकरण केन्द्र भी बहुत दूर है जहाँ आने-जाने के लिये 400 रुपये किराया देना पड़ता है. इसलिए लोग टीकाकरण के लिये नहीं जा रहे हैं."** फडियाली और किमतोला में लोगों को शिकायत थी कि पिछली बार की तरह बाहर से आने वालों की जांच नहीं की गयी और न संस्थागत क्वारंटीन की व्यवस्था थी.

मैचून क्षेत्र के सभी गाँवों में लोग संतुष्ट थे, खासकर मुफ्त राशन, दवा, मास्क आदि प्रदान किये जाने से लोगों में संतुष्टि का भाव दिखा. मौनी गाँव में कुछ लोगों को शिकायत थी कि वैक्सीन की दूसरी ख़ुराक देने में देर कर दी.

पाटी क्षेत्र में लगभग 70% गाँवों में लोग सरकार द्वारा प्रदान की गयी राहत, चिकित्सा-सुविधाओं और महामारी की रोकथाम हेतु लगाये गए प्रतिबंधों से संतुष्ट और खुश दिखे. बिसारी गाँव में लोगों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया तो भट्यूड़ा के लोगों ने कहा कि "सरकार के प्रयास सराहनीय हैं". लेकिन अन्य दो-तीन गाँवों में लोगों की राय भिन्न थी. गरसाड़ी गाँव में लोगों ने कहा कि सरकार ने लॉकडाउन पहले ही लगा देना चाहिये था. तोली गाँव में एक-दो लोगों का कहना था की यह बीमारी पहाड़ में नहीं आ सकती, स्वास्थ्य विभाग के लोग फर्जी रिपोर्ट दे रहे हैं. लखनपुर में लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा जो प्रयास किये जा रहे हैं वे गाँव तक नहीं पहुँच रहे हैं.

शामा क्षेत्र के गोगिना गाँव में लोगों को सरकार से सफाई, वैक्सीन, मास्क और सेनीटाइजर की अपेक्षा थी, जबकि मलखा दुगर्चा के कुछ लोगों का कहना था कि हमें सरकार को सहयोग करना चाहिये क्योंकि वह लोगों की भलाई के लिये रात-दिन कुछ न कुछ काम कर रही है ताकि लोग बच सकें.

***